पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 11.09.2023

दिनांक 10/11-09-2023 को रात्रि थाना गुड़म्बा 01, आशियाना 02, मलिहाबाद 02 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना निगोंहा- दिनांक 11.09.2023 को थाना निगोंहा द्वारा बताया गया कि श्री संगमलाल पुत्र ईश्वरदीन निवासी ग्राम कासिमपुर मजरा मीरकनगर थाना निगोंहा लखनऊ ने थाना निगोंहा पर सूचना दिया कि उसका भतीजा रामतीरथ उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व0 हनुमान जो कि कैपिटल वर्ल्ड स्कूल, मीरकनगर निगोंहा लखनऊ में चौकीदारी का काम करता था, दिनांक 10.09.2023 समय करीब 19.00 बजे कैपिटल वर्ल्ड स्कूल में पंखे का तार लगाते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राकेश कुमार यादव मो0नं0- 9651452142 थाना निगोंहा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक रामतीरथ उपरोक्त के 03 बच्चे है।

थाना बीकेटी- दिनांक 11.09.2023 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि स्टेशन अधीक्षक बीकेटी लखनऊ द्वारा थाना बीकेटी पर सूचना दिया कि दिनांक 10.09.2023 समय करीब 18.50 बजे बीकेटी एवं मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन के मध्य किमी 16/13 पर गाडी सं0 05088 डाउन से कटकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। सूचना गाडी सं0 05088 डाउन के लोको पायलट द्वारा दी गई। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राहुल तिवारी मो0नं0- 8005261592 थाना बीकेटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक की पहचान रमाकांत विश्वकर्मा उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र स्व0 शिवप्रकाश निवासी मुस्लिम नगर थाना जानकीपुरम लखनऊ के रूप में मृतक के बड़े भाई श्री आशीष विश्वकर्मा द्वारा की गई। जिनके द्वारा बताया गया मृतक रमाकांत उपरोक्त मानसिक रूप से बीमार था। मृतक अविवाहित था।

थाना रहीमाबाद- दिनांक 11.09.2023 को थाना रहीमाबाद द्वारा बताया गया कि श्री रविन्द्र कुमार पुत्र स्व0 हेमनाथ निवासी ग्राम बेलवा थाना रहीमाबाद लखनऊ से थाना रहीमाबाद पर सूचना दिया कि उसकी पत्नी शांति देवी उम्र करीब 55 वर्ष की तेज बारिश में जर्जर मकान ढहने से मलबे के नीचे दबकर मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री लालबहादुर मो0नं0- 6396015683 थाना रहीमाबाद द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया दिनांक 10/11.09.2023 की रात्रि तेज बारिश के कारण रविन्द्र कुमार के घर के कमरे की कच्चो दीवार ढह जाने से शांति देवी उपरोक्त की दीवार के मलबे के नीचे दबकर मृत्यु हो गई। मृतका के 05 बच्चे है। मृतका के पति मजदूरी करता है।

थाना अलीगंज-दिनांक 11.09.2023 को थाना अलीगंज द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती नन्दिता प्रिय भटनागर पत्नी श्री आनन्द प्रिय भटनागर निवासिनी–एम0डी0 76, सेक्टर-सी थाना अलीगंज लखनऊ ने थाना अलीगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 04.09.2023 को समय करीब 18.56 बजे वादिनी के आईसीआईसीआई बैंक खाता से यूपीआईडी यश सितेन्द्र कुलमेठी के जरिए 47,000/-रू0 निकल गए। उसी समय वादिनी के एचडीएफ बैंक खाता से भी यूपीआईडी यश सितेन्द्र कुलमेठी के जरिए 35,000/- रू0 निकाल लिए गए। **इस सूचना पर थाना अलीगंज पर मु0अ0सं0- 270/2023 धारा- 66 आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**